This question paper contains **3** printed pages]

Y—244—2018

FACULTY OF ARTS

M.A. (First Year) (First Semester) EXAMINATION

MARCH/APRIL, 2018

HINDI

Paper IV

[स्त्रीवादी विमर्श एवं साहित्य (भाग-1)]

(Tuesday, 17-4-2018) **Time : 10.00 a.m. to 1.00 p.m.**

Time—3 *Hours* *Maximum Marks*—75

N.B. :— (*i*) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

(*ii*) दाहिनी ओर प्रश्नों के पूर्णांक दिए गए हैं।

1. संदर्भ सहित अर्थ स्पष्ट कीजिए :

(अ) ''किसे पता था आगे चलकर एक-एक शब्द का, एक-एक कथन का परीक्षण होगा और वह भी अपने जीवन पर। जिदंगी के पैने दाँत अपनी ही त्वचा पर गड़ेंगे-इतने गहरे। दीक्षा से, संस्कार से पाये परितोष और रास्ते की चुनौतियों के बीच लड़ाई छिड़ेगी इस तरह।'' 10

अथवा

''जिजीविषा का स्पर्श जिसे छू लेता है गिर जाने पर कपड़े झाड़कर फिर से खड़े होने का संकल्प भी दे देता है। यह क्या कुछ कम उपलब्धि है कि व्यक्ति को ऐसा कुछ मिल जाये जो हर घड़ी सहज सामान्यता में स्थित हो पाने की दिशा की ओर उन्मुख करता रहे।''

(ब) ''वे इतनी छुआछूत करे हैं कि, हमारी छाँह से भी दूर रहे हैं। का किसी मजदूर, भिखारी का बच्चा गोद लेते? इतनी पूजा-पाठ करे हैं मगर हमको कभी इन्सान नहीं समझें। उनको देखके अपनो दिल पसीज जाये, मगर उनको दिल तो पत्थर को है, कभी नहीं पसीजे। ऐसे पापियों का मुँह देखने का धरम नहीं है।'' 10

P.T.O.

2C129FC0A91D874FCE38D397D668A5AC

अथवा

"इस दायरे को तोड़ना और जातिगत रोजगार छोड़ना हमारा उद्देश्य है। इसी से समाज व्यवस्था में परिवर्तन होगा। हम मानव हैं, मानव के रूप में हमारी पहचान हो, यह दलित आंदोलन का लक्ष्य है।"

2. "स्त्री का सदियों से शोषण होता रहा है" के आधार पर स्त्री विमर्श की पृष्ठभूमि स्पष्ट कीजिए। 10

अथवा

स्त्री विमर्श की विशेषताओं की सोदाहरण चर्चा कीजिए।

3. 'तत-सम' उपन्यास की समीक्षा कीजिए। 15

अथवा

कामकाजी नारी के आंतरिक संघर्ष की अभिव्यक्ति 'वसुधा' के माध्यम से हुई—सोदाहरण समीक्षा कीजिए।

4. "दलित स्त्री उत्पीड़न की गाथा 'शिकंजे का दर्द' है।" चर्चा कीजिए। 15

अथवा

पुरुष प्रधान समाज व्यवस्था के विरुद्ध स्त्री-पुरुष समानता का निर्माण ही सुशीला टाकभौरे की आत्मकथा 'शिकंजे का दर्द' का लक्ष्य है।" विशद कीजिए।

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर **पन्द्रह-बीस** पंक्तियों में लिखिए : 5

(*i*) स्त्री विमर्श के परिप्रेक्ष्य में प्रभा खेतान के साहित्य की समीक्षा कीजिए।

(*ii*) पद्मा सचदेव की साहित्यिक विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए।

(*iii*) मृदुला गर्ग का जीवन परिचय दीजिए।

(*iv*) तस्लीमा नसरीन के व्यक्तित्व को रेखांकित कीजिए।

6. (अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से प्रत्येक के उत्तर **एक** वाक्य में लिखिए : 5

(*i*) प्रभा खेतान के पिता का नाम क्या है?

(*ii*) 'निर्वाचित कलाम' का हिंदी अनुवाद किसने किया?

(*iii*) कात्यायनी का जन्म कब हुआ?

(*iv*) डोगरी भाषा की पहली आधुनिक कवयित्री कौन मानी जाती है?

(*v*) मृदुला गर्ग की छोटी बहन का नाम क्या है?

2C129FC0A91D874FCE38D397D668A5AC

(ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : 5

(*i*) पद्मा सचदेव का जन्म........................में हुआ।

(*ii*) 'अन्या से अनन्या'........................विधा की रचना है।

(*iii*) 'इस स्त्री से डरो' के रचनाकार........................हैं।

(*iv*) तस्लीमा नसरीन के........................उपन्यास पर फिल्म का निर्माण हुआ।

(*v*) मृदुला गर्ग का जन्म........................शहर में हुआ।

2C129FC0A91D874FCE38D397D668A5AC